भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4307

(दिनांक 13.12.2019 को उत्तर देने के लिए)

छत्तीसगढ़ में एफएम रेडियो केन्द्र

4307. श्री संतोष पान्डेयः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की छत्तीसगढ़ राज्य में नए एफएम रेडियो स्टेशनों की स्थापना करने की योजना है;

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्तावित स्टेशनों की स्थल-वार और जिला-वार सूची क्या है; और

(ग) छत्तीसगढ़ राज्य में राजनंदगांव और कबीरधाम जिलों में उन स्थलों का नाम और ब्यौरा क्या है जहां उक्त एफएम रेडियो स्टेशनों की स्थापना की जानी है तथा उक्त रेडियो स्टेशनों के कब तक कार्यशील होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्री

(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) और (ख): वर्तमान में, छत्तीसगढ़ में 13 स्थानों से एफएम सेवा प्रदान की गई है। इनके अलावा, नारायणपुर में 100 वॉट के एफएम ट्रांसमीटर की स्थापना करने के लिए एक परियोजना का भी अनुमोदन किया गया है।

(ग): वर्तमान में, राजनंदगांव जिले में डोंगरगढ़ और कबीरधाम में पण्डारिया में 100 वॉट के एफएम रिले ट्रांसमीटर पहले से ही प्रचालनरत हैं।

****